सं. 35/2/2019-प्रशा.I(ए)/रा.अ.रि.ब्यूरो

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्डब्यूरो

एनएच- 08,महिपालपुर,
नई दिल्ली-110037
दिनांक: 16 मई , 2023

सेवा में,

1. सभी राज्य/ संघ शासित क्षेत्रों के महानिदेशक / पुलिस महानिरीक्षक
2. सभी केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक / पुलिस महानिरीक्षक/ निदेशक

विषय : राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अपराध रिकॉर्ड, प्रशासन एवं प्रशिक्षण प्रभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर आरक्षकों के चार (4) पदों को भरे जाने के संबंध में

महोदय / महोदया,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ब्यूरो अपने अपराध रिकॉर्ड, प्रशासन एवं प्रशिक्षण प्रभाग में पे मैट्रिक्स के लेवल– 3 में रु. 21,700/- 69,100/- ( पूर्व संशोधित पे बैंड-1, रु. 5200 – 20200/- + ग्रेड पे 2000/-) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर आरक्षकों के 4 (चार) पदों को भरे जाने की प्रक्रिया में है।

2. पद के लिए पात्रता शर्त, अनुभव और कार्य-विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

3. अगर वे चुने जाते हैं तो उन्हें तुरंत कार्यमुक्त किया जाये।

4. पात्र, इच्छुक और तत्काल कार्यमुक्त किए जा सकने वाले योग्य कार्मिकों के आवेदन, यदि चयनित होते हैं, तो कृपया इस परिपत्र के जारी होने की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर कार्मिकों के पिछले 5 वर्षों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) की सत्यापित प्रति के साथ निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्नक-II) में इस ब्यूरो मे [सहायक निदेशक (प्रशासन), राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, एनएच -8, महिपालपुर, नई दिल्ली -110037] को भेजा जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद या वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) के बिना प्राप्त आवेदन या अन्यथा अपूर्ण पाए जाने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन को अग्रेषित करते समय यह भी सत्यापित और प्रमाणित किया जाये कि आवेदकों द्वारा प्रस्तुत विवरण सही है और उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है साथ ही उनकी सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाये।

5. आपसे अनुरोध है कि इस रिक्ति परिपत्र का, आपके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीनपात्र कार्मिकों के बीच व्यापक प्रचार किया जाये।

भवदीय,

(राजेश्वर लाल) 16/5/2023
सहायक निदेशक (प्रशा.)

प्रति :

(i) डीसीटी– परिपत्र को ब्यूरो की वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
(ii) श्री संतोष कुमार,कमांडेंट,डबल्यूएसप्रभाग, गृह मंत्रालय,जैसलमेर हाउस, नई दिल्ली – गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

**अनुलग्नक-I**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, नई दिल्ली के अपराध रिकॉर्ड, प्रशासन और प्रशिक्षण प्रभाग में आरक्षक के पद के संबंध में विवरण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | आरक्षक |
| 2. | पद संख्या | चार (04) |
| 3. | वर्गीकरण | सामान्य केंद्रीय सेवा |
| 4. | वेतनमान | समूह `ग', अराजपत्रित, अलिपिकीय वर्ग<br>पेमैट्रिक्स के लेवल– 3 में रु. 21,700/- 69,100/-<br>( पूर्व संशोधित पे बैंड-1, रु. 5200 – 20200/- + ग्रेड पे 2000/-) |
| 5. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | प्रतिनियुक्ति की अवधि, इससे ठीक पहले किसी अन्य पूर्व कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित उसी या केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में नियुक्ति, शुरू मे तीन साल और बाद में डीओपी एंड टी के नियमानुसार बढ़ाई जा सकती है। प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा नियुक्ति के लिए, अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 6. | पात्रता शर्तें | केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सं. शा. प्रदेश में नियमित आधार पर समान पदों पर नियुक्त पुलिस अधिकारी।<br><br>वांछनीय : हल्के और भारी मोटर वाहनों को चलाने का अनुभव और ड्राइविंग लाइसेन्स। |
| 7. | प्रतिनियुक्ति की शर्तें | प्रतिनियुक्ति के आधार पर,पद पर नियुक्त होने वाले कार्मिक हेतु निबंधन और शर्तें, व्यय विभाग के दिनांक 13 सितंबर, 2008 के का.आ. सं. 1/1/008-आईसी, डीओपी एंड टी के दिनांक 17.06.2010 और 17.02.2016 के का.आ. सं. 6/8/09 (स्था.) (वेतन II) के अनुसार विनियमित होंगी। |

<u>अनुलग्नक-II</u>

**बायो-डाटा प्रोफॉर्मा**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम एवं पता | |
| 2 | पूर्व-संशोधित पे मैट्रिक्स में ग्रेड पे सहित वेतनमान एवं पे लेवल और धारित पदनाम। | |
| 3 | संपर्क सूत्र एवं ईमेल आईडी | |
| 4 | जन्म-तिथि (ईसवी में) | |
| 5 | केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत कार्यभार ग्रहण करने की और सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 6 | शैक्षणिक योग्यता | |
| 7 | व्यावसायिक कोर्स/प्रशिक्षण का विवरण, यदि कोई है। | |
| 8 | वर्तमान रोजगार की प्रकृति,तिथि के साथ अर्थात<br>(i) तदर्थ आधार पर<br>(ii) नियमित आधार पर | |
| 9 | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति के आधार पर है, तो कृपया बतायें:-<br>(क) मूल संवर्ग में स्थायी वेतनमान में आरंभिक नियुक्ति की तिथि।<br>(ख) वह तिथि जिसमें प्रतिनियुक्ति और प्रतिनियुक्ति की अवधि पर नियुक्त किया गया हो।<br>(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे संबद्ध हैं।<br>(घ) कार्यालय/संगठन का नाम, जहां प्रतिनियुक्ति पर हैं। | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | तिथिवार क्रम में रोजगार का विवरण (नीचे दिये गए स्थान के अपर्याप्त होने पर आपके हस्ताक्षर द्वारा सत्यापित एक अलग शीट संलग्न करें) | | | | |
| कार्यालय/संस्थान/संगठन | से | को | पद का वेतनमान और वर्गीकरण (समूह) | क्या नियमित/तदर्थ आधार पर धारित है | काम की प्रकृति |
| | | | | | |
| 11 | पहले से ही धारित पूर्व-कैडर पद से वापसी की तिथि। | | | | |
| 12 | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहते हैं। | | | | |
| 13 | अभियुक्ति, यदि कोई हो। | | | | |

मैंने इस रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मैं यह प्रमाणित करता हूं कि मैंने किसी भी जानकारी को छिपाया या गलत तरीके से प्रस्तुत नहीं किया है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

तिथि: ____________

पता

**प्रतिहस्ताक्षर**

____________________

**(नियोक्ता, मुहर सहित)**

**नियोक्ता/मुख्यालय/अग्रेषण अधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र:-**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी____________________ द्वारा प्रस्तुत विवरण सही है और उनके पास उपर्युक्त अनुलग्नक-II में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव है। अगर उनका चयन होता है, तो उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) उनके विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित नहीं है।

(ii) भारत सरकार के अवर सचिव या समकक्ष पद के अधिकारी द्वारा सत्यापित पिछले वर्षों के उनके 5 पूर्णवार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) संलग्न हैं।

(iii) उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई भी छोटी /बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है।पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई छोटी /बड़ी शास्ति की सूची संलग्न है।

(v) काडर नियंत्रण अधिकारी से प्राप्त संवर्ग मंजूरी भी संलग्न है।

हस्ताक्षर

कार्यालय प्रमुख / सक्षम प्राधिकारी का नाम एवं पदनाम

कार्यालय सील